**OLD**

This Question Paper contains Section–A 21 + Section–B 2/2 questions.

इस प्रश्न-पत्र के अन्तर्गत खण्ड–अ 21 + खण्ड–ब 2/2 प्रश्न हैं।

Time : 3 Hours ] [ Maximum Marks : 100

समय : 3 घण्टे ] [ पूर्णांक : 100

*Note* : (i) This Question Paper consists of *two* Sections, viz., 'A' and 'B'.

(ii) *All* questions from Section 'A' are to be attempted.

(iii) Section 'B' has got more than one option. Candidates are required to attempt questions from *one option* only.

**निर्देश :** (i) इस प्रश्न-पत्र में **दो** खण्ड हैं—खण्ड 'अ' तथा खण्ड 'ब'।

(ii) खण्ड 'अ' के **सभी** प्रश्नों को हल करना है।

(iii) खण्ड 'ब' में एक से अधिक विकल्प हैं। परीक्षार्थियों को केवल **एक विकल्प** के ही प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

## SECTION–A

## खण्ड–अ

**1.** Write the meaning of freedom. 2

स्वतन्त्रता का अर्थ लिखिए।

**2.** Mention any *two* differences between the State and the Government. 1+1=2

राज्य और सरकार के बीच किन्हीं **दो** अन्तरों का उल्लेख कीजिए।

**3.** What do you mean by globalisation? 2

भूमण्डलीकरण (वैश्वीकरण) से क्या अभिप्राय है?

**4.** Highlight any *two* objectives of the Constitution of India as stated in the Preamble. 1+1=2

भारत के संविधान की प्रस्तावना में वर्णित किन्हीं **दो** उद्देश्यों को उजागर कीजिए।

**5.** Briefly write the meaning of the 'Writ' of Habeas Corpus. 2

बन्दी प्रत्यक्षीकरण 'लेख' का संक्षेप में अर्थ लिखिए।

**6.** Mention the different types of elections. 2

चुनावों के विभिन्न रूपों (प्रकारों) का उल्लेख कीजिए।

**7.** Suppose you are participating in a women empowerment movement. Which *two* demands will you like to raise? 1+1=2

मान लीजिए कि आप महिला सशक्तीकरण आन्दोलन में भाग ले रहे हैं। आप कौन-सी **दो** माँगों को उठाना चाहेंगे?

**8.** Highlight any *four* sources of income of Panchayats. ½×4=2

पंचायतों की आय के किन्हीं **चार** स्रोतों को उजागर कीजिए।

**9.** Define pressure groups. Mention the names of any *two* pressure groups. 1+½+½=2

दबाव समूहों की परिभाषा दीजिए। किन्हीं **दो** दबाव समूहों के नाम लिखिए।

**10.** Which *five* freedoms are guaranteed to the citizens under the Right to Freedom? 1×5=5

स्वतन्त्रता के अधिकार के अन्तर्गत नागरिकों को दी गई किन्हीं **पाँच** स्वतन्त्रताओं का उल्लेख कीजिए।

**11.** Describe the important features of federalism. 5

संघवाद की महत्त्वपूर्ण विशेषताओं का वर्णन कीजिए।

**12.** Explain the method through which the President of India can be removed. 5

भारत के राष्ट्रपति को अपदस्थ करने की विधि की व्याख्या कीजिए।

**13.** Explain the meaning and important features of the social movements. 1+4=5

सामाजिक आन्दोलनों का अर्थ एवं इनकी महत्त्वपूर्ण विशेषताओं की व्याख्या कीजिए।

**14.** Highlight the effects of population growth on the developmental process. 5

विकास प्रक्रिया पर जनसंख्या वृद्धि के प्रभावों को उजागर कीजिए।

**15.** Suggest a few measures to do away with the regional imbalances. 5

क्षेत्रीय असंतुलन को दूर करने के लिए कुछ उपाय सुझाइए।

**16.** Describe any *three* principal organs of the United Nations. Explain any *two* important functions of the Security Council. 5

संयुक्त राष्ट्र के किन्हीं **तीन** मुख्य अंगों का वर्णन कीजिए। सुरक्षा परिषद् के किन्हीं **दो** महत्त्वपूर्ण कार्यों की व्याख्या कीजिए।

**17.** Examine the important features of India's foreign policy. 5

भारत की विदेश नीति की महत्त्वपूर्ण विशेषताओं का परीक्षण कीजिए।

**18.** Explain any *four* salient features of the Indian Constitution. 2×4=8

*OR*

Explain the meaning and importance of the Fundamental Rights. 2+6=8

भारतीय संविधान की किन्हीं **चार** प्रमुख विशेषताओं की व्याख्या कीजिए।

*अथवा*

मौलिक अधिकारों के अर्थ एवं महत्त्व की व्याख्या कीजिए।

**19.** Describe *three* categories of ministers in India. Explain the procedure for the appointment of Prime Minister of India. 3+5=8

*OR*

Briefly describe the composition of the Parliament of India. Explain the important legislative functions of the Lok Sabha. 4+4=8

भारत में मंत्रियों की **तीन** कोटियों का वर्णन कीजिए। भारत के प्रधानमंत्री की नियुक्ति-प्रक्रिया की व्याख्या कीजिए।

*अथवा*

भारतीय संसद् के गठन का संक्षिप्त वर्णन कीजिए। लोक सभा के महत्त्वपूर्ण विधायी कार्यों की व्याख्या कीजिए।

**20.** Assess the role of the President of India as the executive head of central administration. 8

*OR*

What is committed bureaucracy? Evaluate the role of the bureaucracy in the developmental process of India. 2+6=8

केन्द्रीय प्रशासन के अध्यक्ष के रूप में भारत के राष्ट्रपति की भूमिका का आकलन कीजिए।

*अथवा*

प्रतिबद्ध नौकरशाही क्या है? भारत की विकासात्मक प्रक्रिया में नौकरशाही की भूमिका का मूल्यांकन कीजिए।

**21.** Evaluate the importance of voluntary organisations in carrying out the developmental activities. 8

*OR*

Explain the important functions of Panchayati Raj Institutions.

विकासशील कार्यों को सम्पन्न करने में स्वैच्छिक संस्थाओं की भूमिका का मूल्यांकन कीजिए।

*अथवा*

पंचायती राज संस्थाओं के महत्त्वपूर्ण कार्यों की व्याख्या कीजिए।

## SECTION–B

## खण्ड–ब

OPTION–I

विकल्प–I

**( Some Emerging Issues of Indian Politics )**

**( भारतीय राजनीति के कुछ उभरते विषय )**

**22.** Evaluate the impact of casteism on the democratic system of India. 5

*OR*

Analyse how the special provision in the Constitution for the Other Backward Classes is a protective discrimination.

भारत की लोकतान्त्रिक व्यवस्था में जातिवाद के प्रभाव का मूल्यांकन कीजिए।

*अथवा*

संविधान में अन्य पिछड़ी जातियों के लिए विशेष प्रावधान किस प्रकार सुरक्षित भेद-भाव है? विश्लेषण कीजिए।

**23.** What is political violence? Explain the major theories of political violence. 1+4=5

*OR*

Highlight the factors which hamper the effective role of media. 5

राजनीतिक हिंसा क्या है? इसके मुख्य सिद्धान्तों की व्याख्या कीजिए।

*अथवा*

ऐसे तत्त्वों पर प्रकाश डालिए, जो मीडिया की प्रभावकारी भूमिका में बाधा उत्पन्न करते हैं।

OPTION–II

विकल्प–II

## ( Freedom Struggle and Constitutional Development in India )

## ( भारत में स्वाधीनता संघर्ष और संवैधानिक विकास )

**22.** Analyse the impact of colonialism on Indian social system. 5

*OR*

Evaluate the role of Mahatma Gandhi in the freedom struggle of India.

भारतीय सामाजिक व्यवस्था पर उपनिवेशवाद के प्रभाव का विश्लेषण कीजिए।

*अथवा*

भारत के स्वाधीनता संघर्ष में महात्मा गाँधी की भूमिका का मूल्यांकन कीजिए।

**23.** Examine the important features of the Indian Independence Act, 1947. 5

*OR*

Highlight any *three* positive and any *two* negative effects of the British Rule on the Indian political system. 3+2=5

भारतीय स्वाधीनता अधिनियम, 1947 की महत्त्वपूर्ण विशेषताओं का परीक्षण कीजिए।

*अथवा*

भारत की राजनीतिक व्यवस्था पर ब्रिटिश शासन के किन्हीं **तीन** सकारात्मक तथा किन्हीं **दो** नकारात्मक प्रभावों को उजागर कीजिए।

**NEW**

This Question Paper contains Section–A 20 + Section–B 3/3 questions.

इस प्रश्न-पत्र के अन्तर्गत खण्ड–अ 20 + खण्ड–ब 3/3 प्रश्न हैं।

Time : 3 Hours ] [ Maximum Marks : 100

समय : 3 घण्टे ] [ पूर्णांक : 100

*Note* : (i) This Question Paper consists of *two* Sections, viz., 'A' and 'B'.

(ii) *All* questions from Section 'A' are to be attempted.

(iii) Section 'B' has got more than one option. Candidates are required to attempt questions from *one option* only.

**निर्देश :** (i) इस प्रश्न-पत्र में **दो** खण्ड हैं—खण्ड 'अ' तथा खण्ड 'ब'।

(ii) खण्ड 'अ' के **सभी** प्रश्नों को हल करना है।

(iii) खण्ड 'ब' में एक से अधिक विकल्प हैं। परीक्षार्थियों को केवल **एक विकल्प** के ही प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

## SECTION–A

## खण्ड–अ

**1.** Give the meaning of Political Science. 2

राजनीति विज्ञान का अर्थ लिखिए।

**2.** Mention any *two* distinctions between nation and nationality. 2

राष्ट्र और राष्ट्रीयता के मध्य कोई **दो** अंतर बताइए।

**3.** Explain the theory of class-struggle of Karl Marx. 2

कार्ल मार्क्स के वर्ग-संघर्ष के सिद्धान्त की व्याख्या कीजिए।

**4.** Explain equality before law. 2

कानून के समक्ष समानता की व्याख्या कीजिए।

**5.** What are the functions of the Vice-President of India? 2

भारत के उप-राष्ट्रपति के क्या कार्य हैं?

**6.** What is a court of record? 2

अभिलेख न्यायालय क्या होता है?

**7.** What is simple majority system of election? 2

चुनाव की साधारण बहुमत प्रणाली क्या है?

**8.** What is meant by communalism? 2

सम्प्रदायवाद से क्या अभिप्राय है?

**9.** Describe the boundary dispute between India and China. 2

भारत और चीन के बीच सीमा-विवाद का वर्णन कीजिए।

**10.** Describe briefly any *five* salient features of the Constitution of India. 5

भारत के संविधान की किन्हीं **पाँच** प्रमुख विशेषताओं का संक्षेप में वर्णन कीजिए।

**11.** Explain the composition and tenure of the State Legislative Council (Vidhan Parishad). 5

राज्य की विधान परिषद् की रचना और उसके कार्यकाल की व्याख्या कीजिए।

**12.** Distinguish between national and regional parties. Mention any *two* national political parties. 3+2=5

राष्ट्रीय और क्षेत्रीय दलों में भेद स्पष्ट कीजिए। किन्हीं **दो** राष्ट्रीय राजनीतिक दलों का उल्लेख कीजिए।

**13.** What is meant by professional pressure groups? Explain the role played by them. 5

व्यावसायिक दबाव समूहों का क्या अर्थ है? इनके द्वारा निभाई गई भूमिका की व्याख्या कीजिए।

**14.** Explain the concept of sustainable development. 5

सतत (टिकाऊ) विकास की अवधारणा की व्याख्या कीजिए।

**15.** Highlight the role of non-alignment as a basic principle of India's foreign policy. 5

भारत की विदेश नीति के मूल सिद्धान्त के रूप में गुट-निरपेक्षता की भूमिका उजागर कीजिए।

**16.** Explain the relationship between India and Russia in the post-Soviet era. 5

उत्तर-सोवियत काल में भारत और रूस के सम्बन्धों की व्याख्या कीजिए।

**17.** Define State. Bring out the distinction between State and other associations. 2+6=8

*OR*

Examine Mahatma Ghandhi's views on decentralisation and trusteeship. 8

राज्य की परिभाषा दीजिए। राज्य तथा अन्य संगठनों के मध्य अंतर स्पष्ट कीजिए।

*अथवा*

विकेन्द्रीकरण और ट्रस्टीशिप पर महात्मा गाँधी के विचारों का परीक्षण कीजिए।

**18.** Explain the nature of Indian federal system. 8

*OR*

Under what circumstances is national emergency declared? What are the consequences of national emergency?

भारत की संघीय व्यवस्था की प्रकृति की व्याख्या कीजिए।

*अथवा*

किन परिस्थितियों में राष्ट्रीय आपातकाल की घोषणा की जाती है? राष्ट्रीय आपातकाल के क्या परिणाम होते हैं?

**19.** Assess the powers, functions and the role of the Prime Minister of India. 8

*OR*

Explain the composition and functions of the urban local bodies.

भारत के प्रधानमंत्री की शक्तियों, उसके कार्यों तथा भूमिका का आकलन कीजिए।

*अथवा*

शहरी स्थानीय निकायों की रचना और उनके कार्यों की व्याख्या कीजिए।

**20.** Analyse the role of National Human Rights Commission of India. 8

*OR*

Evaluate the role of caste in Indian politics.

भारत के राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग की भूमिका का विश्लेषण कीजिए।

*अथवा*

भारत की राजनीति पर जाति की भूमिका का मूल्यांकन कीजिए।

## SECTION–B

## खण्ड–ब

### OPTION–I

### विकल्प–I

### ( World Order and the United Nations )

### ( विश्व व्यवस्था और संयुक्त राष्ट्र )

**21.** Mention any *two* principles of the United Nations. 2

संयुक्त राष्ट्र के किन्हीं **दो** सिद्धान्तों का उल्लेख कीजिए।

**22.** Explain the bipolar world order during the Cold War. 5

शीत युद्ध काल में द्वि-ध्रुवीय विश्व व्यवस्था की व्याख्या कीजिए।

**23.** What is globalisation? Explain its positive and negative effects. 2+6=8

*OR*

Explain the peacekeeping activities of the United Nations. 8

भूमण्डलीकरण (वैश्वीकरण) क्या है? इसके सकारात्मक और नकारात्मक प्रभावों की व्याख्या कीजिए।

*अथवा*

संयुक्त राष्ट्र की शांति बनाए रखने की गतिविधियों की व्याख्या कीजिए।

OPTION–II

विकल्प–II

## ( Administrative System in India )

## ( भारत की प्रशासनिक व्यवस्था )

**21.** What is the significance of the constitutional status of Public Service Commission? 2

लोक सेवा आयोग की संवैधानिक स्थिति का क्या महत्त्व है?

**22.** Describe any *two* main functions of the District Collector. 5

ज़िलाधीश (ज़िला कलैक्टर) के किन्हीं **दो** मुख्य कार्यों का वर्णन कीजिए।

**23.** Define bureaucracy. Highlight the interaction between bureaucracy and politics. 3+5=8

*OR*

Explain the role of Lokpal and Lokayukta. 8

नौकरशाही की परिभाषा दीजिए। नौकरशाही और राजनीति के पारस्परिक सम्बन्धों को उजागर कीजिए।

*अथवा*

लोकपाल और लोकायुक्त की भूमिका की व्याख्या कीजिए।

★ ★ ★